दैनिक न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, शनिवार 12 अक्टूबर 2024

www.nyaysakshi.com



संपादकीय

# गडकरी का साहस दिखाना प्रशंसनीय

रेवडिय़ां दूसरी सब्सिडियों के भुगतान में रुकावट की शर्त पर ही बांटी जा सकती हैं। बल्कि कहा यह जाएगा कि इन पर अमल समाज की जड़ों को मजबूत करने वाली और मानव विकास का आधार बनने वाली योजनाओं की कीमत पर ही होता है।

भाजपा की अंदरूनी सियासी समीकरण वाले एंगल में सिर खपाने से बच सकें, तो केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने जो कहा है, उसकी अहमियत बेहतर ढंग से समझ आ सकती है। गडकरी ने महाराष्ट्र में अपनी ही पार्टी की गठबंधन सरकार की नई घोषित लडक़ी बहिन योजना पर सवाल उठाए हैं। यह सच बयान किया है कि इस योजना पर अमल दूसरी सब्सिडी में कटौती की शर्त पर ही संभव है। इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर सभी महिलाओं को 1,500 रुपये हर महीने दिए जाएंगे। इसका लाभ ढाई करोड़ महिलाओं को मिलेगा। इससे राज्य के खजाने पर 46 हजार करोड़ रुपये का नया सालाना बोझ आएगा। लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद एकनाथ शिंदे सरकार ने कुछ ऐसी नई घोषणाएं कीं, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों में रेवड़ी कहा जाएगा। शिंदे ने आर्थिक रूप से कमजोर हर परिवार को हर साल तीन गैस सिलिंडर मुफ्त देने, किसानों को प्रति पांच हेक्टयर जमीन पर पांच हजार रुपये बोनस देने, और उनके बिजली बिल माफ करने की घोषणा भी की है। इन सबका अतिरिक्त बोझ खजाने पर आएगा।

गडकरी की टिप्पणी गौरतलब है कि ऐसी योजनाओं पर अमल दूसरी सब्सिडियों के भुगतान में रुकावट की शर्त पर ही संभव है। बल्कि कहा यह जाएगा कि इन पर अमल समाज की जड़ों को मजबूत करने वाली और मानव विकास का आधार बनने वाली योजनाओं की कीमत पर ही होता है। मगर इस नव-उदारवादी दौर में जन-कल्याण का मतलब ऐसी योजनाओं का बढ़-चढ़ कर एलान हो गया है, जिस होड़ सभी पार्टियां शामिल हो चुकी हैं। सीधे और सरल शब्दों में इसे वोट खरीदने की होड़' कहा जा सकता है। इस चलन का विरोध धारा के खिलाफ बोलना माना जाता है, जिसका साहस राजनेता नहीं दिखा पाते। महाराष्ट्र में चुनावी सरगर्मियां शुरू हो चुकी हैं और उसके बीच गडकरी का यह साहस दिखाना प्रशंसनीय है। ऐसी बातों से यह रुझान थमेगा तो नहीं- फिर भी लोगों को सच बताने का अपना महत्त्व है। यह बात अवश्य बताई जानी चाहिए बांटी जा रही रेवडिय़ां समाज के दीर्घकालिक विकास की कीमत पर हैं।

# तेजी से डिजिटल हो रहा भारत, दो वर्षों में बदली देश की तस्वीर : सर्वेक्षण

नई दिल्ली



मोबाइल टेलीफोन की कम दरें (लो-कॉस्ट मोबाइल टेलीफोनी) भारत को डिजिटल बनाने की राह पर लाने में मददगार रही हैं। वर्ष 2022-23 में 15 वर्ष से ज्यादा उम्र के 85 प्रतिशत लोग मोबाइल फोन कनेक्शन का इस्तेमाल कर रहे थे। मोबाइल फोन इस्तेमाल करने वालों का यह आंकड़ा ठीक दो वर्ष पहले 2022-21 में 70.2 प्रतिशत था।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा रिलीज किए गए एक सर्वेक्षण से यह जानकारी सामने आई है। भारत में इंटरनेट का इस्तेमाल करने वालों की संख्या में भी दो वर्षों में काफी सुधार देखा गया है।

सर्वेक्षण में सामने आई जानकारी बताती है कि 2020-21 में इंटरनेट का इस्तेमाल करने वालों का आंकड़ा 41.8 प्रतिशत था। वहीं, 2022-23 में यह बढक़र 59.8 प्रतिशत हो गया। इनमें 15-29 आयु वर्ग के लोग 84.2 प्रतिशत से भी ज्यादा हैं।

सर्वेक्षण में सामने आई जानकारी के अनुसार, 15 वर्ष से अधिक उम्र की 78.7 प्रतिशत महिलाएं एक्टिव मोबाइल कनेक्शन का इस्तेमाल कर रही हैं। ठीक दो वर्ष पहले इस उम्र वर्ग की केवल 56.7 प्रतिशत महिलाएं ही मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर पा रही थी। वहीं, 2020-21 में 83.2 प्रतिशत पुरुष ही मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर पा रहे थे। ठीक दो वर्ष बाद 2022-23 में मोबाइल फोन इस्तेमाल करने वाले पुरुषों का यह आंकड़ा 91.4 प्रतिशत पहुंच गया।

इस नए सर्वेक्षण के अनुसार, हर 5 में से 2 व्यक्ति बैंकिंग लेन-देन करने में सक्षम है। वहीं, 43.4 प्रतिशत लोग अपने मोबाइल फोन का इस्तेमाल ईमेल भेजने में कर सकते हैं।

सर्वेक्षण में सामने आई जानकारी के अनुसार, लगभग 94 प्रतिशत आबादी के पास उनके निवास स्थान से दो किलोमीटर के भीतर बारहमासी सडक़ों तक पहुंच थी और शहरी क्षेत्रों में 93.7 प्रतिशत लोगों के पास 500 मीटर के भीतर परिवहन सेवा उपलब्ध थी।

स्वच्छता और पेयजल की उपलब्धता में दो वर्ष पहले की तुलना में सुधार हुआ है और यह लगभग पूर्ण हो गई है। शहरी क्षेत्रों में जेब से किया जाने वाला खर्च घटकर 1,446 रुपये और ग्रामीण क्षेत्रों में 950 रुपये रह गया, जिससे स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच में भी सुधार का संकेत मिलता है।

# हुंडई इंडिया 2028 तक कार उत्पादन क्षमता बढ़ाकर करेगी 11 लाख यूनिट्स

नई दिल्ली



हुंडई इंडिया की ओर से ऐलान किया गया है कि कंपनी की योजना 2028 तक अपनी कार उत्पादन क्षमता को 30 प्रतिशत बढ़ाकर 11 लाख यूनिट्स करने की है, जो कि फिलहाल 8,24,000 है। कंपनी इसके लिए पुणे यूनिट में 6,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसके साथ पुणे में एक नया कार उत्पादन प्लांट भी लगाया जाएगा।

कंपनी के अधिकारियों ने कहा कि इससे कंपनी की वॉल्यूम में इजाफा होगा और घरेलू एवं निर्यात बाजार में हिस्सेदारी बढ़ाने में मदद मिलेगी।

हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) के आईपीओ के लिए बुलाई गई प्रेस वार्ता के दौरान कंपनी ने सीईओ किम उन्सू ने कहा कि 2023 से 2032 के दौरान एचएमआईएल की ओर से भारत में 32,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। कंपनी इस दौरान इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट में अपनी क्षमता बढ़ाने और प्रीमियम उत्पादों पर ध्यान देगी। भारत में कंपनी के लिए एसयूवी सेगमेंट में काफी अवसर हैं।

कंपनी ने कहा कि हमारे पास वैश्विक बाजारों में बहुत मजबूत अनुभव था, इसलिए हम वास्तव में यह पहचानने में सक्षम हुए कि एसयूवी के लिए भारतीय बाजार में बड़ी संभावनाएं हो सकती हैं और आप देख सकते हैं कि एसयूवी सेगमेंट बीते कुछ वर्षों में कितना बढ़ गया है।

जानकारी के मुताबिक, हुंडई की ओर से भारत में ऑपरेशन क्षमता बढ़ाने के साथ नई एडवांस टेक्नोलॉजी और आरएंडडी में निवेश किया जाएगा। हुंडई मोटर इंडिया, भारतीय शेयर बाजार में आईपीओ लाने जा रही है। यह 15 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक आम निवेशकों के लिए खुलेगा। इसका प्राइस बैंड 1,865 रुपये से लेकर 1,960 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।

# पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने नई सेलेक्शन कमेटी का किया ऐलान

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान को इंग्लैंड के खिलाफ पारी और 47 रनों से मिली करारी हार के कुछ घंटों बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने नई सेलेक्शन कमेटी का ऐलान किया है। इसमें पूर्व टेस्ट क्रिकेटर अकीब जावेद, अजहर अली, टेस्ट अंपायर अलीम डार और विश्लेषक हसन चीमा को शामिल किया गया है। आनन फानन में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बहुत बड़े बदलाव कर दिए हैं। अब इसका असर टीम पर कितना पड़ता है, वो तो भविष्य में ही पता चलेगा। यह मोहम्मद यूसुफ के पैनल से इस्तीफा देने के ठीक 10 दिन बाद हुआ है, और यह बदलाव ऐसे समय में हुआ है जब पाकिस्तान का सभी प्रारूपों में प्रदर्शन सबसे खराब है। यह तिकड़ी पूर्व खिलाड़ी असद शफीक और टीम विश्लेषक हसन चीमा के साथ शामिल हो गई है, जिनके पास अब चयन पैनल में वोटिंग अधिकार हैं। पीसीबी ने यह स्पष्ट नहीं किया कि पाकिस्तान के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन (सफेद गेंद) और जेसन गिलेस्पी (लाल गेंद) मतदान सदस्य के रूप में चयन समिति में बने रहेंगे या नहीं, या फिर नये पैनल का मुख्य चयनकर्ता कौन होगा।

# 15-25 वर्ष की आयु के 82 प्रतिशत ग्रामीण युवा इंटरनेट का करते हैं इस्तेमाल : सर्वे

नई दिल्ली



एक सरकारी सर्वेक्षण से पता चला है कि ग्रामीण क्षेत्रों में 15 से 25 वर्ष की आयु के 82 प्रतिशत से अधिक युवा इंटरनेट का उपयोग करते हैं। वहीं, शहरी क्षेत्रों में यह आंकड़ा लगभग 92 प्रतिशत है। इसमें यह भी पाया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में 15-24 वर्ष की आयु के 95.7 प्रतिशत लोग मोबाइल फोन का उपयोग करते हैं, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह आंकड़ा 97 प्रतिशत से थोड़ा कम है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने जुलाई 2022 से जून 2023 तक आयोजित एक व्यापक वार्षिक मॉड्यूलर सर्वेक्षण (सीएएमएस) के प्रमुख निष्कर्ष जारी किए। यह नेशनल सैंपल सर्वे (एनएसएस) के 79वें दौर का हिस्सा है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, ग्रामीण क्षेत्रों में 15-24 वर्ष आयु वर्ग के 82.1 प्रतिशत युवा इंटरनेट का उपयोग कर सकते हैं, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह आंकड़ा 91.8 प्रतिशत है।

सर्वेक्षण से पता चलता है कि 15-24 वर्ष आयु वर्ग के 78.4 प्रतिशत युवा अटैच फाइल के साथ मैसेज सेंड कर सकते हैं। वहीं, 71.2 प्रतिशत युवा कॉपी-पेस्ट टूल्स का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा, 26.8 प्रतिशत युवा एडवांस टास्क जैसे मेल भेजने, जानकारियों को खोजने और ऑनलाइन बैंकिंग जैसे कामों को करने में सक्षम हैं। सर्वेक्षण से सामने आई जानकारी के मुताबिक, 95.1 प्रतिशत लोग टेलीफोन या मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में 94.2 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 97.1 प्रतिशत लोग मोबाइल फोन रखते हैं।

सर्वेक्षण के अनुसार, कंप्यूटर (डेस्कटॉप, पीसी, लैपटॉप) का इस्तेमाल 9.9 प्रतिशत लोग करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में 4.2 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 21.6 प्रतिशत लोग कंप्यूटर का इस्तेमाल करते हैं।

सर्वेक्षण से अन्य प्रमुख निष्कर्षों के अलावा यह भी पता चला कि 15-24 वर्ष की आयु के 96.9 प्रतिशत व्यक्ति सरल कथनों को समझ कर पढऩे और लिखने में सक्षम हैं तथा सरल अंकगणितीय गणनाएं करने में भी सक्षम हैं। इसी आयु वर्ग में, पुरुषों के लिए यह आंकड़ा लगभग 97.8 प्रतिशत और महिलाओं के लिए 95.9 प्रतिशत है।

# टीम इंडिया के बाद अब मुंबई के लिए धमाल मचाएंगे सूर्यकुमार यादव

**सामने आयी बड़ी जानकारी**

**नईदिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को लेकर एक अहम जानकारी सामने आई है. वे आने वाले रणजी ट्रॉफी सीजन में मुंबई के लिए खेल सकते हैं. एक रिपोर्ट के मुताबिक सूर्या सिलेक्शन के लिए उपलब्ध रहेंगे. मुंबई और महाराष्ट्र के बीच 18 अक्टूबर से मैच खेला जाना है. सूर्या इस मुकाबले के लिए मैदान पर उतर सकते हैं. वे फिलहाल भारत और बांग्लादेश के बीच खेली जा रही टी20 सीरीज का हिस्सा हैं. सूर्या ने इस सीरीज के पहले मैच में विस्फोटक प्रदर्शन किया था.



रिपोर्ट के मुताबिक सूर्या मुंबई के लिए उपलब्ध रहेंगे. उन्होंने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को बताया है कि वे रणजी ट्रॉफी के सिलेक्शन के लिए उपलब्ध रहेंगे. मुंबई सेकेंड राउंड लीग मुकाबले के लिए 18 अक्टूबर को मैदान पर उतरेगी. सूर्या इससे पहले ही फ्री हो जाएंगे. वे अभी भारत-बांग्लादेश टी20 सीरीज का हिस्सा हैं. इस सीरीज का आखिरी मैच 12 अक्टूबर को हैदराबाद में खेला जाएगा.

भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ मौजूदा सीरीज के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ मैदान पर उतरेगी. भारत और न्यूजीलैंड के बीच 16 अक्तूबर से टेस्ट सीरीज खेली जाएगी. इसका पहला मैच बैंगलोर में आयोजित होगा. सूर्या को इस सीरीज के लिए टीम इंडिया में जगह मिलने की संभावना कम है. उनके सिलेक्शन को देखकर कहा जा सकता है कि फिलहाल सिलेक्टर्स सूर्या को टी20 स्पेशलिस्ट के रूप में देख रहे हैं. वे टी20 में सफल भी रहे हैं.

सूर्या का घरेलू मैचों में अच्छा रिकॉर्ड रहा है. वे अभी तक 83 फर्स्ट क्लास मैच खेल चुके हैं. सूर्या ने इस दौरान 5649 रन बनाए हैं. वे इस फॉर्मेट में 14 शतक और 29 अर्धशतक लगा चुके हैं. सूर्या ने दोहरा शतक भी लगाया है. उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 200 रन रहा है. अगर टेस्ट टीम इंडिया की बात करें तो उन्हें अभी तक सिर्फ एक मैच में खेलने का मौका मिला है. सूर्या ने भारत के लिए एक मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था.

# हैदराबाद में भी हुए फ्लॉप तो टीम इंडिया से ड्रॉप हो सकते हैं सैमसन और अभिषेक

नईदिल्ली



भारतीय क्रिकेट टीम को बांग्लादेश के खिलाफ तीसरा और आखिरी टी 20 मैच 12 अक्टूबर को हैदराबाद में खेलना है. शुरूआती 2 मैच जीत टीम इंडिया सीरीज जीत चुकी है. तीसरा मैच उन खिलाडिय़ों को तराशने का है जिन्हें पहले 2 मैच में मौका नहीं मिला है. साथ ही उन खिलाडिय़ों के प्रदर्शन पर भी नजर होगी जिनका प्रदर्शन पिछले 2 मैचों में अच्छा नहीं रहा है. तीसरे मैच में भी अगर ये खिलाड़ी प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं तो फिर आगे के लिए उनकी राह मुश्किल हो सकती है.

बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे टी 20 में टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा के प्रदर्शन पर सबकी नजरें रहेंगी. इन दोनों खिलाडिय़ों ने टीम के लिए पिछले दोनों मैचों में पारी की शुरुआत की है लेकिन दोनों ही मैचों में ये फ्लॉप रहे हैं. इसलिए तीसरा मैच इन दोनों के लिए काफी अहम और निर्णायक रहने वाला है. एक और खराब प्रदर्शन इन्हें टीम से बाहर करवा सकता है.

सैमसन और अभिषेक दोनों को पहले 2 टी 20 में ओपनिंग करने का मौका मिला था. इन दोनों के पास पूरा मौका था बड़ी पारी खेलने का. लेकिन ये दोनों ही बल्लेबाज पिछली दोनों पारियों में फ्लॉप रहे हैं. सैमसन पहले टी 20 में 29 तो दूसरे में 10 रन बनाकर आउट हुए. वहीं अभिषेक शर्मा पहले टी 20 में 16 तो दूसरे टी 20 में 15 रन बनाकर आउट हुए. इन दोनों से तीसरे मैच में बड़ी पारी की उम्मीद टीम को है.

अभिषेक शर्मा ने 7 टी 20 मैच खेले हैं. एक शतक की मदद से 155 रन उन्होंने बनाए हैं और 3 विकेट लिए हैं. वहीं संजू सैमसन ने 32 टी 20 में 2 अर्धशतक लगाते हुए 483 रन बनाए हैं.

## आज का राशिफल

***मेष:*** आज किसी रुके हुए कार्य को पूरा करने में बड़ों की सलाह लेना उचित रहेगा। नवविवाहित लोगों के जीवन में खुशियों का आगमन होगा। युवाओं के लिए सफलता के नए दरवाजे खुलेंगे। आपको बच्चों के साथ कुछ समय बिताने का मौका मिलेगा, जिससे वे बहुत खुश होंगे।

***वृष:*** आज आपका मन आनंदित रहेगा। जो लोग स्टेशनरी का कार्य करते हैं, उनको आज उम्मीद से अधिक लाभ होने वाला है। पिता जी आपको आज कोई जरूरत का सामान गिफ्ट करेंगे। आज आपको स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिलेगा।

***मिथुन:*** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी, आज लोगों के बीच आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। छोटे स्तर पर व्यापार करने वालों को बड़ा लाभ होगा। लवमेट के लिए आज का दिन रिश्तों में मिठास बढ़ाने वाला रहेगा।

***कर्क:*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको संभलकर फैसले लेने की जरूरत है। अगर आप खुद का बिजनेस करते हैं, तो आपको किसी से भी बात करते समय अपने शब्दों पर ध्यान देना चाहिए। आपको किसी काम में भाई का सहयोग प्राप्त होगा।

***सिंह:*** आज के दिन आप हर तरह से चिंता मुक्त रहेंगे। महिलाओं के लिए दिन बड़ा ही अच्छा रहेगा। कॉमर्स फील्ड से जुड़े छात्रों को कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा। नौकरी कर रहे लोगों का आज पदोन्नति होने के योग बने हुए हैं।

***कन्या:*** आज हर कोई आपके साथ चलने की कोशिश करेगा। जो लोग कोर्ट-कचहरी के मामलो से जुड़े हैं, उनके कार्य आज समय से पूरे हो जाएंगे। आपको ऑफिस में मिले नये प्रोजेक्ट को पूरा करने में जूनियर्स का सहयोग मिलेगा।

***तुला:*** आज आपके रूके हुए जरूरी काम समय से पूरे हो जाएंगे। जो लोग थियेटर से जुड़े हैं, उन्हें आज सुनहरे अवसर मिलने वाले है। राजनीति से जुड़े लोगों को आज नई जिम्मेदारी मिलने वाली हैं।

***वृश्चिक:*** आज पूरे दिन आपके मन में प्रसन्नता बनी रहेगी। अगर आप कोई नया करोबार शुरू करने के बारे में सोच रहे हैं, तो परिवार वालों का सहयोग मिलेगा। आज आपका ध्यान किसी घरेलू कार्य को पूरा करने पर लगेगा।

***धनु:*** आज आपको जीवन में नया मुकाम प्राप्त होगा। जो लोग फैशन डिजाइनर हैं, आज उनके दिमाग में अच्छे क्रिएटिव थॉट आयेंगे। आज आपके द्वारा किये गए सामाजिक कामों की तारीफ होगी।

***मकर:*** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। जो लोग बिजनेसमैन हैं, उन्हें आज किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। अगर लम्बे समय से किसी बात को लेकर परेशान हैं तो उसे जीवनसाथी के साथ शेयर करे, मन को शांति मिलेगी।

***कुंभ:*** आज आपका दिन बहुत अच्छा रहने वाला है। जो लोग लेखक हैं, आज उनके विचारों का सम्मान होगा। आज सोशल मीडिया पर एक्टिव रहना आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित होगा।

***मीन:*** आज आप अपने सोचे हुये कार्यो को जल्दी पूरा करने में सफल होंगे। इस राशि के जो लोग लोहे का बिजनेस करते हैं, आज उनको उम्मीद से अधिक मुनाफा होगा। भाई से आज आपको कोई उपहार मिलेगा।

# सिंघम अगेन से क्लैश के बावजूद धुंआधार कमाई करेगी भूल भुलैया 3, बनेगी फ्रेंजाइजी की बिगेस्ट ओपनर!

इस बार की दिवाली बेहद खास होने वाली है. दो बिग बजट फिल्में भूल भुलैया 3 और सिंघम अगेन रिलीज हो रही हैं. दोनों ही फिल्मों के ट्रेलर रिलीज हो गए हैं और फैंस ने भर-भरकर प्यार दिया. दिवाली पर जबरदस्त क्लैश देखने को मिलने वाला है.




ट्रेलर के बाद अजय देवगन की फिल्म की तरफ फैंस थोड़े से बायस्ड दिख रहे हैं. हालांकि, खबरें हैं कि इसके बावजूद कार्तिक आर्यन की फिल्म पर कुछ खास असर नहीं दिखेगा. भूल भुलैया 3 फ्रेंजाइजी की सबसे ज्यादा ओपनिंग करने वाली मूवी बन सकती है. कोईमोई की रिपोर्ट के मुताबिक, भूल भुलैया 3 पहले दिन इंडियन बॉक्स ऑफिस पर नेट 17 से 20 करोड़ की कमाई कर सकती है. जो कि भूल भुलैया के दोनों पार्ट से ज्यादा होगा. भूल भुलैया 2 ने पहले दिन 14.11 करोड़ कमाए थे.

मालूम हो कि बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर ऑफिशियली कुछ भी सामने नहीं आया है.

भूल भुलैया 3 की बात करें तो इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, माधुरी दीक्षित, विद्या बालन, तृप्ति डिमरी जैसे स्टार्स हैं. इस फिल्म के लिए कार्तिन मोटी फीस ली है. ये कार्तिक के करियर की अबतक की सबसे बड़ी फिल्म है.

# ओटीटी पर भी शुरू हो चुका है सरकटे का आतंक, अमेजन प्राइम पर हुई रिलीज



श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की फिल्म स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर खूब जादू चलाया है. उनकी फिल्म को इतना पसंद किया गया कि ये फिल्म डेढ़ महीने तक सिनेमाघरों पर टिकी रही है. हॉरर-कॉमेडी फिल्म को आज के समय में बहुत पसंद किया जा रहा है. ये एक ऐसा जॉनर बन गया है जिसकी फिल्में जैसे ही रिलीज हो रही हैं वो बॉक्स ऑफिस पर छा जा रही हैं. सिनेमाघरों पर धमाल मचाने के बाद अब ओटीटी पर स्त्री 2 रिलीज हो गई है. फिल्म के ओटीटी पर रिलीज होने का फैंस लंबे समय से इतंजार कर रहे थे. अब ये इंतजार खत्म हो गया है. ओटीटी प्लेटफॉर्म ने भी इसकी ऑफिशियल जानकारी दे दी है.

स्त्री 2 में श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव के साथ पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना, अभिषेक बनर्जी अहम किरदार निभाते नजर आए हैं. फिल्म में अक्षय कुमार का कैमियो है.

# दो पत्ती का पहला गाना रांझणा जारी, कृति सैनन-शाहीर शेख की केमिस्ट्री ने जीता दिल



अभिनेत्री कृति सैनन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म दो पत्ती को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म के जरिए कृति बतौर निर्माता बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने जा रही हैं। दो पत्ती कृति के होम प्रोडक्शन ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स की पहली फिल्म है।इस फिल्म में दिग्गज अभिनेत्री काजोल भी मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं।अब दो पत्ती का पहला गाना रांझणा रिलीज हो गया है, जिसे परम्परा टंडन ने अपनी आवाज दी है।

रांझणा के बोल कौसर मुनीर ने लिखे हैं। इस गाने में कृति नशे में धुत नजर आ रही हैं, वहीं शाहीर शेख संग उनकी कमेस्ट्री ने दिल जीत लिया है।दो पत्ती सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। फिल्म का प्रीमियर 25 अक्टूबर, 2024 से होने वाला है। इस फिल्म में कृति डबल रोल में नजर आएंगी।दो पत्ती के निर्देशन की कमान कनिका ढिल्लों ने संभाली है। फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है।

शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित और कनिका ढिल्लों द्वारा लिखित फिल्म दो पत्ती में जुड़वा बहनों की एक पेचीदा कहानी दिखाई गई है, जिसमें रहस्य छिपे हैं और एक पुलिस हत्या के प्रयास के एक मामले में सच्चाई का पता लगाने के लिए तत्पर है। कृति सेनन और काजोल के अलावा इस फिल्म में शाहीर शेख, तन्वी आजमी और बृजेंद्र काला भी हैं।

फिल्म की कहानी में काजोल को एक पुलिस अधिकारी के रूप में दिखाया गया है जो बेपरवाह कृति सेनन से पूछताछ कर रही हैं। काजोल कृति से एक रहस्य साझा करने का आग्रह करती हैं, लेकिन कृति सवाल को टाल देते हैं और जवाब देती हैं कि एक पुलिस अधिकारी के रूप में, रहस्य को सुलझाना काजोल का काम है। कहानी में एक मोड़ जोड़ते हुए, कृति की हमशक्ल सीन में दिखाई देती है। एक धमकी भरे लहजे में वह कहती है, तुम्हारी परेशानियां दोगुनी होने वाली हैं।


## शब्द सामर्थ्य- 205

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 204 का हल



## सू-दोकू- 205

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.204का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |